तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 3 जुलाई 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

12 बरसात में जल जमाव होने से एनएच 43 बना तालाब



## खबर संक्षेप

### विवि इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश काउंसलिंग आज से

**अंबिकापुर।** शहर के ग्राम पंचायत डिगमा में संचालित विवि इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार से विभिन्न 6 तकनीकी संकायों में काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। प्राचार्य डॉ. आरएन खरे ने बताया कि कॉलेज में सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, बीटेक एवं एमटेक पाठ्यक्रम संचालित है। बीटेक की 300 एवं एमटेक की 90 सीटों के लिए काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया। लेटरल एंट्री के तहत बीटेक के सभी संकायों में डिप्लोमा धारी विद्यार्थियों को भी प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने सरगुजा के विद्यार्थियों से प्रवेश के लिए सर्व सुविधायुक्त विवि इंजीनियरिंग कॉलेज का चयन करने का आह्वान किया है।

### कलेक्टोरेट परिसर में पार्किंग नियम लागू

**अंबिकापुर।** कलेक्टोरेट परिसर में अब अपनी गाड़ी खड़ी करने से पहले एक बार इस बात का ध्यान देना जरुरी है कि आपका वाहन कहीं निर्धरित पर्किंग स्थल से बाहर तो नहीं है। यदि ऐसा है तो जुर्माना कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर सरगुजा ने कलेक्टोरेट परिसर में वाहनों की पार्किंग को लेकर नया नियम लागू कर दिया है। यह नियम 3 जुलाई से लागू हो रहा है। जारी आदेश के तहत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निजी अथवा शासकीय वाहनों को निम्नलिखित निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें। नया एवं पुराना कंपोजिट बिल्डिंग के मध्य स्थित खाली स्थान। कलेक्ट्रेट मुख्य गेट (गेट नंबर 1) के पास स्थित पार्किंग क्षेत्र।गेट नंबर 1 के बाद, जहां स्व-सहायता समूह की महिलाएं प्रवेश जांच करती हैं, वहाँ से आगे केवल पहचान पत्र दिखाने पर ही वाहन प्रवेश कर सकेंगे। जिन कर्मचारियों के पास पहचान पत्र नहीं होगा उन्हें अपने वाहन गेट नंबर 1 के पास ही पार्क करना होगा। यदि कोई वाहन गेट नंबर 1 से ई-सेवा केंद्र तक की सड़क पर अनियमित रूप से खड़ा पाया जाता है, तो उस पर यातायात पुलिस द्वारा जुर्माना लगाया जाएगा एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें एवं अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी समय पर सूचित करें।

### छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

**अम्बिकापुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया है कि छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान स्थापना किया गया है। इस कार्य में व्यक्तियों-संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने, मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से राज्य शासन के इस क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को युवा सम्मान प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण सरगुजा में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं। युवा रत्न सम्मान अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में चयनित युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य के लिए व्यक्तिगत 2.5 लाख रुपए और संगठन हेतु 5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### मीडियेशन फॉर द नेशन अभियान 7 अक्टूबर तक

**अम्बिकापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मीडियेशन एण्ड काउन्सिलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी नई दिल्ली के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से 7 अक्टूबर 2025 तक 90 दिवसीय मीडियेशन फॉर द नेशन अभियान चलाया जाना है, जिसमें तालुका न्यायालय एवं जिला न्यायालय में लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किए जाएंगे।

### सर्वर डाउन होने से बढ़ी समस्या

# अंगूठा लगाने के लिए आधे घंटे की मशक्कत उसके बाद भी लोगों को नहीं मिल रहा राशन



राशन दुकान में जमा ग्रामीणों की भीड़।



समय पर कोटा नहीं मिलने से बंद राशन दुकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय उचित मूल्य दुकानों में एक साथ तीन महीने का राशन आबंटन करने की पहल अव्यवस्था की शिकार हो गई है। पी ओ ए स मशीन में अंगूठा लगाने की प्रक्रिया के दौरान सर्वर डाउन की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। आलम यह है कि राशन लेने के लिए लोगों को तीन से चार घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है जबकि कई क्षेत्रों में तो ग्रामीण काम धाम छोड़कर प्रतिदिन सोसायटी के चक्कर लगा रहे है इसके बाद भी उन्हें राशन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। यह स्थिति इन दिनों सरगुजा संभाग में देखने को मिल रही है।

**खास बात**
- संभाग भर में हितग्राही हो रहे परेशान, काम छोड़कर बैठे हैं सोसायटी में

बता दें की राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों को जून महीने में एक मुश्त तीन महीने का राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई थी। इस व्यवस्था के तहत हितग्राहियों को जून, जुलाई और अगस्त महीने का राशन दिया जा रहा है। इस राशन में तीन महीने का चावल और एक महीने का शक्कर व चना दिया जाना है जबकि शेष दो हमीने का चना और शक्कर बाद में दिया जाना है। यही वजह है कि एक मुश्त राशन के आबंटन को लेकर शासकीय उचित मूल्य दुकानों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान हितग्राहियों को राशन आबंटन के लिए पीओएस मशीन की जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। ऐसा इस लिए क्यों कि एक माह का राशन आबंटन कराने के लिए हितग्राही को पीओएस मशीन में दो बार अंगूठा लगना पड़ता है और अब तीन महीने का एक मुश्त राशन लेने के लिए छह बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है जिससे प्रक्रिया लम्बी हो गई है और एक हितग्राही को राशन लेने में आधे घंटे से चालीस मिनट का समय लग रहा है।

यह स्थिति सरगुजा के साथ ही बलरामपुर और सूरजपुर जिले में बनी हुई है। बड़ी बात यह है कि तीन माह का एकमुश्त राशन जारी करने की तिथि 1 से 30 जून थी लेकिन गनीमत की बात यह है कि अब इसे बढाकर 20 जुलाई तक कर दिया गया है जिससे हितग्राहियों ने राहत की सांस ली है।

#### निराश होकर लौट रहे लोग

एक साथ छह बार पीओएस मशीन में अंगूठा लगाने की प्रक्रिया बढ़ने के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए बनाए गए सर्वर में भार बढ़ गया है। यही वजह है कि कई बार सर्वर डाउन होने की समस्या आ रही है तो कई बार अंगूठा लगाने के बाद भी राशन अलाट नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि लोग घंटो में उलझे रह रहे है या फिर उन्हें दिनभर कतार में लगने के बाद निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है।

#### लोग छुट्टी लेकर जा रहे राशन लेने

तीन महीने का राशन मिलने की घोषणा होने के बाद से दुकानों में भारी अव्यवस्था का आलम है। बड़ी बात यह है कि कई पात्र हितग्राही घर से बाहर रहकर दूसरों के दुकान में काम करते है या फिर मजदूरी कर रहे है। ऐसे में लोग दो-तीन दिन की छुट्टी लेने अपने गांव जा रहे है और अपने रोजी रोटी का नुकसान करके तीन महीने का राशन ले रहे है। इस बीच राशन दुकान में हो रही लेट लतीफी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है।

#### दुकानों में ताला तो कहीं चावल खत्म

तीन महीने का एक मुश्त राशन जारी करने के मामले में एक और बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। ज्यादातर राशन दुकानों में एक मुश्त राशन भंडारण की जगह नहीं है यही वजह है कि यहां एक दो माह का ही राशन भंडारित किया गया। ऐसे में कई हितग्राहियों को एक या दो माह का ही चावल देकर लौटाया जा रहा है तो कई समितियों में चावल ही खत्म हो गया है और सोसायटी को राशन का जारी नहीं हो रहा है ऐसे में भी हितग्राही परेशान हो रहे है। सोमवार को शहर के कई दुकानों में ताला लटका हुआ था तो कई दुकानों में लोगों की लंबी कतारें देखने को मिली। हैरानी की बात तो यह है कि इन समस्याओं को लेकर अधिकारियों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।





## विषाक्त मशरूम खाकर ग्रामीण बीमार दो बच्चों समेत चार का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विषाक्त मशरूम खाने से एक ही परिवार के लोग बीमार पड़ गये। बीमार लोगों में से दो बच्चों समेत चार लोगों का उपचार सूरजपुर जिला अस्पताल में जारी है। इनमें से एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बता दें कि बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही जंगली खुखड़ी, पुटू और मशरूम खाने वाली की संख्या बढ़ जाती है लेकिन कई बार विषाक्त मशरूम खाने से लोगों की तबीयत खराब हो जाती है। विषाक्त खुखड़ी, मशरूम खाकर बीमार पड़ने के सूरजपुर जिले में कई मामले सामने आ चुके है। इस बीच सूरजपुर जिले के केतका क्षेत्र के ग्रामीण जंगल से मशरूम लेकर आए थे और खाने में उन्होंने मशरूम की सब्जी बनाकर खाई लेकिन उक्त मशरूम विषाक्त था। ऐसे में ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने लगी। पेट दर्द, उल्टी की शिकायत के बाद उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल सूरजपुर रिफर कर दिया गया। इस घटना में 35 वर्षीय जयलाल, 30 वर्षीया प्रभावती, 5 वर्षीय आशिक, 3 वर्षीय अजित का उपचार चल रहा है इसमें से बच्चे गंभीर बताए जा रहे है। सीएमएचओ सूरजपुर डॉ. कपिलदेव पैकरा ने बताया कि बीमार ग्रामीणों का उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति अब खतरे के बाहर है।

### जंगल में लकड़ी लेने गए ग्रामीण पर भालू ने किया हमला



**लखनपुर।** जंगल में लकड़ी लेने गए ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को वन विभाग द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि ग्राम पटकुरा निवासी लालजीत राम मझवार आ. मानसाय मझवार 1 जुलाई की दोपहर 3.30 बजे पटकुरा बीत के कक्ष क्रमांक पी 2206 में जलाऊ लकड़ी लेने गया हुआ था। इसी दौरान जंगल में मौजूद भालू ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर भालू ग्रामीण को छोड़कर भाग निकला जिसके बाद ग्रामीण किसी तरह अपने घर पहुंचा और परिजन को मामले की सूचना दी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिक्षेत्र सहायक अरगोती ने निजी वाहन से ग्रामीण को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

## सिर पर हथौड़ी मार कर प्रेमिका की हत्या के मामले में आरोपी को उम्र कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते में प्रेमी द्वारा प्रेमिका को हथौड़ी से सिर में मार कर हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिले के कुसमी थाना अंतर्गत आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश में विचाराधीन था मामले में न्यायाधीश हेमंत शर्राफ द्वारा दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के के तहत आजीवन कारावास एवं 500 अर्थदंड की सजा सुनाई।

मृतिका सरिता एक्का बेल स्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड कार्यालय कुसमी ब्रांच अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ थी। घटना दिनांक 10 अगस्त 2022 को अपने कार्यालय में बैठी थी। इसी दौरान उसके प्रेमी आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा आया एवं हथौड़ी से ताबड़तोड़ उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गई। इलाज के लिए उसे उसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी के बाद मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर एवं वहां भी स्थिति नहीं संभलने की स्थिति में रायपुर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान 17 अगस्त 2022 को उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी मनोज सरिता से प्यार करता था वह उसके घर में आना-जाना करता था परंतु आरोपी पहले से शादीशुदा था जिस कारण 9 अगस्त 2022 को उसे आने-जाने से घर वालों ने मना किया जिससे वह काफी गुस्से में था जिसके बाद वह घटना को अंजाम दिया। मामले में कुसमी थाना में धारा 452,307 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। सरिता की इलाज एवं मृत्यु के बाद 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय में सत्र न्यायाधीश हेमंत सर्राफ द्वारा दोनों पक्षों की दलील सुनते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजक अशोक गुप्ता के द्वारा पैरवी की गई। सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रकरण में सीसीटीवी फुटेज की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट को अभियोजन द्वारा प्रकरण के अंतिम विचार तक प्रस्तुत नहीं किया गया जो कि प्रकरण की विवेचना अधिकारी के धारा 302 भारतीय दंड संहिता हत्या जैसे गंभीर अपराध के संबंध में घोर लापरवाही को दर्शाता है। उसके द्वारा उक्त फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में क्या प्रयास किया गया यह न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। हत्या जैसे गंभीर अपराध के प्रकरण में घोर लापरवाही के लिए विवेचना अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की गई। विवेचना अधिकारी सुनील केरकेट्टा एवं रमेश मरकाम थे।

वर्ष 2022 की घटना, कोर्ट ने आरोपी को दी कड़ी सजा

## बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मासूम बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने कड़ी सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट ने आरोपी युवक को शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़ति बच्ची को 5 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति राशि देने के निर्देश दिए है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल 2022 को 11 साल 10 माह की कक्षा 3री में पढ़ने वाली छात्रा अपनी दो सहेलियों के साथ शादी समारोह में शामिल होने गई हुई थी। शादी में खाना खाने के बाद तीनों बच्चियां रात दस बजे वापस घर लौट रही थी। इस दौरान गंगाराम किराना दुकान के समीप आरोपी लखनपुर के कुन्नी अंतर्गत ग्राम अरगोती तपताझरिया निवासी 22 वर्षीय मनदीप लकड़ा आ. विजय लकड़ा ने बच्चियों को दौडाना शुरू कर दिया। इस दौरान दो बच्चियां तो वहां से भाग निकली लेकिन एक बच्ची को आरोपी ने पकड़ लिया और खींचते हुए जंगल की ओर ले गया। बच्ची ने जब मदद के लिए चिल्लाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसका मुंह बंद कर दिया और गला दबा दिया। आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जंगल के अंदर बच्ची के रोने की आवाज सुनकर गांव के दो युवक मौके पर पहुंचे तो आरोपी मनदीप लकड़ा भाग निकला जिसके बाद उन्होंने बच्ची को उसके घर पहुंचाया।

बच्ची ने घटना की जानकारी परिजन को दी जिसके बाद परिजन के साथ बच्ची ने थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले की अंतिम सुनवाई 2 जुलाई को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के न्यायालय में हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार पांडेय ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला ने आरोपी मनदीप लकड़ा को दोषी माना। इस दौरान न्यायालय ने आरोपी को भादवि की धारा 363 के तहत 3 वर्ष के कारावास, 100 रुपए अर्थदंड व राशि अदा नहीं करने पर 1 माह के कारावास, धारा 366 के तहत 5 वर्ष के कारावास 5 सौ रुपए अर्थदंड व राशि जमा नहीं करने पर 6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा दी। इसके साथ ही धारा 376 (क) (ख) के तहत आजीवन कारावास शेष प्राकृतिक जीवन काल तक, 20 हजार रुपए अर्थदंड व राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष के कारावास की सजा दी है, कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट की धारा 5 (ड)/6 के तहत आजीवन कारावास शेष प्राकृतिक जीवन काल तक, 20 हजार रुपए अर्थदंड व राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष के कारावास की सजा दी है। वहीं कोर्ट ने क्षतिपूर्ति योजना के तहत 5 लाख रुपए की राशि बच्ची को प्रदान करने और धारा 376 (क) (ख) ,पॉक्सो एक्ट की धारा 5 (ड)/6 के तहत लगाए गए 20-20 हजार रुपए के अर्थदंड की राशि को अपील अवधि समाप्त होने के बाद अपील नहीं होने पर पीडिता को प्रदान करने के निर्देश दिए है।

## विधायक ने मैनपाट में दो बॉक्साइट खदानों को बंद करने दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के केसरा में संचालित सीएमडीसी की दो बॉक्साइट खदानों को विधायक राम कुमार टोप्पो ने सील करने का निर्देश दिया है। खदानों में लगातार खनन नियमों का उल्लंघन करने और अवैध रूप से संचालन की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। ऐसे में शिकायत के बाद विधायक खदानों का निरीक्षण करने पहुंचे और सीएमडीसी के अधिकारियों को नियम विरूद्ध संचालन और श्रमिकों का शोषण करने के लिए फटकार लगाई।

- शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे थे विधायक,

बता दें कि 7 से 9 जुलाई तक होने वाले भाजपा के चिंतन शिविर के लिए चल रही तैयारियों का जायजा लेने मैनपाट पहुंचे विधायक राम कुमार टोप्पो से स्थानीय लोगों ने ग्राम केसरा में संचालित बॉक्साइट खदानों में नियमों को ताक में रखकर अवैध रूप से संचालित करने और श्रमिकों के शोषण की शिकायत की गई। शिकायत के बाद विधायक अधिकारियों के साथ केसरा स्थित खदान पहुंचे। इस दौरान बताया गया कि केसरा में 20 हेक्टेयर एवं 9 हेक्टेयर की दो खदानों के संचालन का एग्रीमेंट भाटिया कोल ट्रेडलिंक बिलासपुर के नाम पर है। इन खदानों को नियम विरुद्ध तरीके से भाटिया कोल ट्रेडलिंक कंपनी द्वारा ऐसी कंपनी को दे दिया गया है जो खदान चलाने के लिए अनुबंधित नहीं है। लीज ट्रांसफर कोई भी कंपनी नहीं कर सकती। दो खदानों में 9 हेक्टेयर की खदान का माइनिंग प्लान स्वीकृत नहीं है और न ही डीजीएमएस से इसके संचालन की अनुमति मिली है। इसके बावजूद इस खदान से बॉक्साइट का उत्खनन किया जा रहा है। इसके साथ ही विधायक ने जब खदान में काम करने वाले श्रमिकों की जानकारी मांगी तो कंपनी के पास डीबी रजिस्टर नहीं मिला। श्रमिकों का कोई पंजीयन तक कंपनी में नहीं है और ना ही उसके पास कोई लेबर लाइसेंस है। कंपनी ने श्रमिकों का बीमा नहीं कराया था और उन्हें मनमाने तरीके से मानदेय दिया जा रहा था। खनन कंपनी ने बॉक्साइट खदान में कई श्रमिकों के कार्यरत होने के बाद भी पूर्णतः मशीनों से खनन एवं श्रमिकों की संख्या शून्य बताई है। लंबे समय से कर्मचारियों को उनका वेतन और मजदूरों को मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया गया है। इन अव्यवस्थाओं के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो ने नाराजगी जाहिर की और अवैध तरीके से संचालित केसरा और पथरई में दोनों खदानों को तत्काल बंद करने का निर्देश सीएमडीसी के खान प्रबंधक अभय कुमार तिग्गा को दिया।


शिकायत पर अवैध रूप से संचालित बॉक्साइट माइन्स में अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय विधायक।

## चुमरा जंगल से हटाया गया ग्रामीणों का अवैध अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत चुमरा जंगल की 15 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 8 ग्रामीणों का कब्जा हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

- अंतिम नोटिस जारी करने के बाद वन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

चुमरा जंगल के कक्ष क्रमांक 346 की 15 एकड़ वन भूमि पर ग्रामीणों ने मकान व बाड़ी बना लिया था। विभाग द्वारा बार बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमणकारी वन अधिकार पत्र की उम्मीद से अपना कब्जा नहीं हटा रहे थे। वन मण्डलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर विभाग द्वारा पूर्व में अंतिम नोटिस जारी कर भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। अतिक्रमणकारी निर्धारित तिथि तक भूमि से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। बुधवार को पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने प्रशिक्षु एसीएफ विकास निकुंज के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी में वन अधिकारियों ने संरक्षित जंगल की भूमि निर्मित दलीच आ. राजकुमार, विनोद एक्का आ.विजय कुमार, मोती लाल आ. राम कुमार, शिवनाथ आ. मदन, देव सिंह आ. शिवनाथ, रूपदेव आ. शिवनाथ, रमाकांत आ. शिवनाथ एवं माली चरण आ. मदन का मकान एवं बाड़ी को ढहाकर 15 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। वन विभाग की कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारी बारिश होने का हवाला देकर कुछ दिन तक राहत देने की गुहार लगाते रहे लेकिन वन अमला सख्ती पूर्वक अतिक्रमण हटाने में व्यस्त रहा। कार्रवाई में जिले भर के विभिन्न परिक्षेत्रों के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे थे।



## खबर संक्षेप

### छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति हब के अंतर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत मनेन्द्रगढ़ में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (शिक्षा विभाग) एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (टी) मनेन्द्रगढ़ में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय की सभी छात्राओं ने भाग लिया। उन्हें आत्मरक्षा के विभिन्न व्यावहारिक गुण सिखाए गए, जिससे वे विपरीत परिस्थितियों में खुद की रक्षा कर सकें और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकें। प्रशिक्षण का नेतृत्व मास्टर ट्रेनर प्रभावती ने किया। कार्यक्रम के दौरान शालों के प्राचार्य सतेन्द्र कुमार सिंह, उदय मिश्रा, प्रभारी प्राचार्य अर्चना वैष्णव, खेल शिक्षक सुमित कुमार जायसवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल के निर्देशन में किया गया।

### स्वच्छता जागरूकता के लिए चला अभियान

**डोमनहिल।** नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा संचालित सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान 2025 के अंतर्गत सोमवार को शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चिरमिरी में एक विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर, सभापति, नगर निगम आयुक्त, स्वच्छता प्रभारी अधिकारी, विधायक प्रतिनिधि, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, नगर पालिका के समस्त मिस प्रभारी, स्वच्छता निरीक्षक, जिला समन्वयक (पीआईयू) तथा अन्य स्वच्छता कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता पर जागरूकता संदेशा के साथ की गई। इस अवसर पर छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक स्वच्छता शपथ ली गई। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, विद्यालय, गली-मोहल्ले तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करेंगे।

भूतपूर्व पंचायत पदाधिकारियों से होनी है लाखों की वसूली

# बैकुंठपुर-सोनहत में 40 लाख से अधिक की राशि वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासन के निर्देश पर कोरिया जिले में भूतपूर्व पंचायत पदाधिकारियों से बकाया राशि की वसूली को लेकर प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में यह कार्रवाई वर्ष 2025 की पहली छमाही में तेजी से की गई, इसके तहत जनपद सोनहत और बैकुंठपुर में अब तक 40 लाख रूपए से अधिक की वसूली की जा चुकी है।

जनपद पंचायत सोनहत में 11,45,776 की बकाया राशि से जुड़े प्रकरणों की पहचान की गई थी। प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए इस राशि में से 8,47,776 वसूल या समायोजित कर लिया है। फिलहाल 2,98,000 की राशि शेष है। यहां बकायादारों की संख्या पहले 12 थी, जो घटकर अब सिर्फ 2 रह गई है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर में बकाया राशि का ऑकड़ा कहीं अधिक था। यहां 63,30,000 के प्रकरण दर्ज किए गए, इनमें से 32,33,379 की वसूली हो चुकी है। वर्तमान में 30,94,600 की राशि शेष है।



जनपद पंचायत बैकुंठपुर व सोनहत।

### जारी रहेगी सख्त वसूली

जिला पंचायत उप संचालक ने बताया कि शेष सभी बकायादारों से वसूली की कार्रवाई सतत रूप से जारी है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।


बंद पड़ा कोरिया नीर।

# रख रखाव का अभाव कोरिया नीर बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में प्रदेश का प्रथम वाटर एटीएम कोरिया नीर के नाम से वर्षो पूर्व शुरू किया गया था, जिसका शुभारंभ तत्कालीन मुख्यमंत्री के हाथों शुभारंभ हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य की कोरिया जिले से शुरू वाटर एटीएम कोरिया नीर जिले में ही दम तोड़ रही है।

जिले के विभिन्न जगहों पर स्थित वाटर एटीएम के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने की दिशा में जिम्मेदार विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही ध्यान नहीं दे रहे हैं। लापरवाही व उदासीनता के कारण ही कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लाखों खर्च करने के बाद भी वाटर एटीएम कोरिया नीर या तो महीनों से बिगड़ा पड़ा है या फिर बंद पड़ा है। इसी तरह का हाल जिले के सोनहत मुख्य मार्ग पर स्थित वाटर एटीएम का है। सोनहत के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने मुख्य मार्ग किनारे वर्षो पूर्व कोरिया नीर वाटर एटीएम खोला गया था, जो बीते कई महीनों से बंद पड़ा है। यहां एसीए एलडब्लूई मद से कोरिया नीर स्थापित की गई थी, जो बीते कई माह से बंद पड़ा है और शटर में जंग लगने लगे हैं, इसके अलावा इस जगह के कोरिया नीर के सामने झाड़ियां भी उग आई है।

## 154 ग्रामों में धरती आबा अभियान : डोर-टू-डोर सर्वे के निर्देश




कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बुधवार को धरती आबा अभियान की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जाए। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा, जिसके तहत जिले के 154 जनजातीय ग्रामों में विभिन्न योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाना है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनाना और सिकलसेल व टीबी जांच का कार्य घर-घर जाकर किया जाए। अभी तक 26,000 के लक्ष्य के विरुद्ध केवल 313 आयुष्मान कार्ड बने हैं, जिसे कलेक्टर ने असंतोषजनक बताया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम गांवों का भौतिक निरीक्षण करें और शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बैकुंठपुर एवं सोनहत एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास से संपर्क कर पात्रतानुसार जाति प्रमाण पत्र-निवास प्रमाण पत्र तेजी से बनाया जाए, वहीं आदिम जाति कल्याण विभाग को निर्देश दिए गए कि वनाधिकार पट्टा के लिए गांवों में जाकर लोगों को आवेदन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आश्रम शालाओं में धरती आबा से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने आधार कार्ड के बारे में संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि नियमित रूप से आधार बनने की स्वयं समीक्षा करें और गांवों में जाकर इस बारे में जानकारी भी प्राप्त करें। समाज कल्याण विभाग को पेंशन योजनाओं के लिए आवेदन एकत्र करने और खाद्य विभाग को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के पात्र हितग्राहियों की सूची बनाकर लाभान्वित करने को कहा गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कोयला उत्पादन और सुरक्षा को मिलेगा नया आयाम



**डोमनहिल।** एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की आर-6 भूमिगत खदान में मंगलवार को अत्याधुनिक कंटीन्यूअस माइनर (सीएम) मशीन का ऑनलाइन उद्घाटन केन्द्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने हरी झंडी दिखाकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में टीएमसी कंपनी, एसईसीएल-एनसीपीएच क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न श्रम संगठनों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि कोयला उद्योग में कार्यरत मजदूर साथियों के परिश्रम और समर्पण से देश आगे बढ़ रहा है। कोयला ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत है और आर-6 माइंस में स्थापित की गई सीएम मशीन से उत्पादन में तेजी आएगी। साथ ही यह मशीन खनन कार्य को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाएगी। उन्होंने कहा कि कोयला उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक विकास भी सरकार की प्राथमिकता है। जिस क्षेत्र में खनन होता है, वहां के समग्र विकास में खनन लाभ का एक हिस्सा व्यय किया जाता है। वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य में कोयला क्षेत्र की अहम भूमिका होगी।

## खाद्य प्रतिष्ठानों का किया सघन निरीक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत जिले में अपमिश्रित खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छग दीपक कुमार अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह पदेन उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिले में डॉ. अविनाश खरे के निर्देशानुसार समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत एवं सघन निरीक्षण किया जा रहा है।


इस अभियान के तहत वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता एवं उनकी टीम द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से विधिक एवं सर्विलांस नमूने संकलित किए गए। चिरमिरी स्थित मेसर्स अरविंद इंटरप्राइजेज से विस्क फार्म हेयलो बटर कुकीज एवं अमूल ताजा होमोजिनाइज्ड टोन्ड मिल्क, मेसर्स एनएच 43 ग्रॉसरी, चिरमिरी रोड नागपुर से लाल गुलाब दलिया, तथा मेसर्स महेन्द्रा एजेंसी फव्वारा चौक मनेन्द्रगढ़ से कैलॉग्स कॉर्न फ्लेक्स के विधिक नमूने संकलित किए गए। इसीक्रम में श्री महंत होटल नागपुर एवं गुप्ता स्वीट्स नागपुर से प्रयुक्त रिफाइंड सोयाबीन कुकिंग ऑयल तथा मेसर्स जे. अमरचंद जैन एंड कंपनी मनेन्द्रगढ़ से फॉर्च्यून प्लस रिफाइंड सोयाबीन तेल, फॉर्च्यून राइस ब्रान तेल एवं फॉर्च्यून रिफाइंड सनफ्लावर तेल के सर्विलांस नमूने संकलित किए गए हैं। सभी नमूने परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## देवी मंदिरों में होगी विशेष पूजा अर्चना

# गुप्त नवरात्रि की महाष्टमी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नौ दिनों तक चलने वाली आषाढ़ गुप्त नवरात्र की समाप्ति 4 जुलाई को होगी। इसके पूर्व गुप्त नवरात्रि के महाष्टमी पर माता का श्रृंगार का विशेष रूप से पूजा-अर्चना एवं हवन पूर्णाहूति किया जाएगा, इसके लिए विभिन्न देवी मंदिरों में तैयरियां पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि आषाढ़ गुप्त नवरात्रि की शुरूआत 26 जून से शुरू हुई थी, इसके बाद प्रतिदिन माता के विभिन्न रूपों की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती रही। जानकारी के अनुसार गुप्त नवरात्रि विशेष रूप से तंत्र साधना, सिद्धि के लिए गुप्त पूजा की जाती है, जो महत्वपूर्ण माना गया है। 3 जुलाई को महाष्टमी के अवसर पर विभिन्न जगहों पर हवन-पूजन के साथ कन्या पूजन का आयोजन भी किया गया है। वहीं कल 4 जुलाई को नवमी तिथि पर मॉ सिद्धिदात्री की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। इस दिन भी हवन-पूजन के साथ कन्या पूजन का आयोजन देवी मंदिरों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा अपने घरो में किया जाता है। जानकारी के अनुसार मॉ सिद्धिदात्री सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करने वाली देवी मानी जाती है। इस दिन मॉ की विशेष रूप से श्रृंगार का पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति एवं सिद्धियों की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करते हैं।



## विधानसभा सत्र प्रश्नों के लिए नोडल नियुक्त

**बैकुण्ठपुर।** विधानसभा का षष्ठम सत्र 14 जुलाई से 18 जुलाई तक कुल 5 बैठके संचालित होना है, इसके फलस्वरूप विधानसभा प्रश्न, ध्यानाकर्षण सूचनाएं एवं प्रस्ताव सूचनाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा संबंधित कर्मचारियों द्वारा तत्काल कार्रवाई पूर्ण कर समय-सीमा के अंदर विधानसभा प्रश्नों के उत्तर राज्य शासन को प्रेषित कराए जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने डिप्टी कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## चिकित्सक दिवस पर विद्यार्थियों ने जताया डॉक्टरों का आभार

**मनेन्द्रगढ़।** डी. डब्ल्यूपी एस में राष्टीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक और संवेदनशील कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने समाज के निःस्वार्थ सेवकों चिकित्सकों के प्रति आभार प्रकट किया और उनके कार्यों को सराहा। विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष प्रातःकालीन सभा की शुरूआत कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं द्वारा की गई। छात्रा माया ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए डॉक्टरों की सेवा भावना को नमन किया। इसके बाद विज्ञान संकाय की शिक्षिका सुश्री सृष्टि सिंह ने बच्चों को इस दिवस के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 की थीम इस बात पर बल देती है कि चिकित्सकों के लिए भी भावनात्मक और मानसिक सहयोग उतना ही जरूरी है। सुश्री सिंह ने बच्चों को डॉक्टर विधान चंद्र रॉय के जीवन और योगदान की जानकारी दी, जिनकी स्मृति में यह दिन मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा, समर्पण और करुणा से जुड़ी इस महान पेशे की ओर प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों से मुलाकात की। इनमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ डॉ. अविनाश खरे और संस्थापक, एसपीएम नर्सिंग होम डॉ. परवेज खान, संस्थापक श्रीराम आई हॉस्पिटल अंशुल सिंह जैसे प्रमुख नाम शामिल रहे। बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गए शिल्प-पत्रकों के माध्यम से डॉक्टरों को बधाइयां दीं और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।











































## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कक्षा 1 एवं 6 के रिक्त सीटों के लिए आवेदन प्रारम्भ

**प्रतापपुर।** विद्यालय के प्राचार्य देव साय टेकाम ने बताया कि शिक्षा सत्र 2025 -26 में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम चरण प्रवेश उपरांत रिक्त सीटों के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया 5 से 14 जुलाई तक प्रारम्भ की जाएगी। इच्छुक पालक उक्त तिथि तक विद्यालय आकर ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते है 14 जुलाई के उपरांत फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएगे।

### सरस्वती शिक्षा केंद्र में आचार्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**बलरामपुर।** वनांचल शिक्षा सेवा न्यास द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र जनजाति क्षेत्र की शिक्षा संकुल बलरामपुर एवं वाड्रफनगर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में जिला प्रतिनिधि कोदू राम द्विवेदी जिला प्रतिनिधि, गोपाल कृष्ण मिश्रा, बंशीधर गुप्ता, बिहारी पाल, विनय कुमार पाठक, नरेश लकड़ा, दिलीप गुप्ता एवं दोनों संकुल के आचार्य, दीदी शामिल हुए। इसके साथ ही समापन कार्यक्रम में नगर पालिक अध्यक्ष लोधी राम एक्का, शम्भू नाथ मिश्रा शामिल हुए। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही बच्चों ने स्वागत गीत, सुभाषितानी,अमृत वचन, एकल गीत, हमारा लक्ष्य, शिशु गीत जैसे और भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### संकुल स्तरीय उत्सव में कराया गया बच्चों का शाला प्रवेश



**राजपुर।** विकासखंड का संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हायर सेकेंडरी स्कूल सेवारी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल शामिल हुए। अतिथियों ने सरस्वती माता के छाया चित्रों पर दीप, पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगा मिटाई खिलाकर स्वागत अभिनन्दन व पुस्तक वितरण किया गया। कक्षा में प्रथम आने वाले 9वी ,10वी, 11वी व 12वीं के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात सेवा निवृत्त प्रधान पाठक जोखन राम को साल श्रीफल भेंट किया गया एवं तबादला हुए शिक्षको विदाई दी गई। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष शिवनाथ यादव, जिला व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक प्रवीण जनपद, शाला विकास समिति अध्यक्ष मनोज जायसवाल, महेश्वर सिंह, मोनिका बेक, सुभाष यादव, राहुल गुप्ता, पूर्व सरपंच अरविंद कुमार, विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना कश्यप, पंकज जायसवाल, संकुल प्रभारी सनेश बेक, शिक्षक, अभिभावक स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों ने किया खड़गवां पुलिस चौकी का भ्रमण




**प्रतापपुर।** नगर के एक निजी स्कूल के बच्चों ने शिक्षकों के साथ खड़गवां पुलिस चौकी का भ्रमण किया। प्रभारी योगेंद्र जायसवाल ने बच्चों को पुलिस के काम करने का तरीका समझाया तथा कानून की जानकारी दी। बुधवार को वैष्णवी ग्रुप आफ स्कूल के प्राचार्य आशीष कुमार गुप्ता,उप प्राचार्य निक्की गुप्ता, शिक्षक पंकज कुमार मिश्रा, शारदा मरावी के साथ सभी बच्चे ने पुलिस चौकी पहुंचे। एक एक करके उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से मुलाकात की। बच्चों ने प्रभारी योगेंद्र जायसवाल से कहा कि पुलिस की भूमिका हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है,आप लोगों की वजह से हम हर जगह सुरक्षित हैं। हमारी इच्छा थी कि कुछ समय आप सभी के बीच गुजारें और करीब से देखें। योगेंद्र जायसवाल ने बच्चों से कहा कि पुलिस चौबीस घंटे आम जनता की सेवा के लिए होती है। हमारी कोशिश होती है कि अपराध पर लगाम लगे, विभिन्न तरीके से आम लोगों की मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि आप सभी बड़े होकर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाना और हमेशा कानून के साथ रहते हुए देश के लिए काम करना।उन्होंने बच्चों से यातायात के नियमों का पालन करने,नशा से दूर रहने,अपराध रोकने में पुलिस की मदद करने सहित अन्य बातें कहीं।इस दौरान स्कूल के अन्य शिक्षकों के साथ पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## निधन

### अन्वय अग्रवाल



**अम्बिकापुर।** शहर के प्रतिष्ठित फर्म पीआरए ग्रुप के रमेश अग्रवाल के पौत्र अन्वय अग्रवाल का 16 वर्ष की उम्र में बीते दिवस यूएसए में निधन हो गया। दिवंगत अन्वय नवीन, नमिता के ज्येष्ठ पुत्र थे। गुरुवार को 11 बजे उनका अंतिम यात्रा निज निवास मनेन्द्रगढ़ रोड से मुक्तिधाम जाएगी।

### बारिश होते ही सड़क हो जाता है जलमग्न

# सड़क पर जल भराव से आवागमन हुआ मुश्किल, क्षेत्रवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग में पानी का जमाव होने से क्षेत्र के लोगों के अलावा वाहन चालक सहित राहगीर परेशान है। हैरानी की बात तो यह है पी एम जी ए स वा ई सड़क तो बनाया गया लेकिन नाली निर्माण नहीं होने से बारिश होते ही सड़क पर ही पानी एकत्र हो जाती है जिससे लोगों को आवागमन करने में परेशानी होती ही है साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के अधिकारियों की उदासीन रवैया का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ पड़ रहा है।

**खास बात**
- पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग तक बन गई सड़क लेकिन नहीं हुआ नाली निर्माण

बतौली पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग की पानी जमाव की समस्या से आज तक क्षेत्र के लोगों सहित राहगीरों को मुक्ति नहीं मिल सकी। आलम यह है कि बारिश होते ही सड़क जलमग्न होता है। यह समस्या पूरे बरसात के तीन माह तक बना रहता है। हैरानी की बात यह है कि हर वर्ष बरसात के मौसम ऐसी स्थिति बनी रहती है लेकिन आज तक किसी ने समस्या से निजात दिलाने किसी प्रकार की पहल नहीं की। बड़ी विडंबना की बात यह है कि बतौली पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना से सड़क तो बना दी गई लेकिन विभाग द्वारा नाली का निर्माण नहीं कराया जिससे बतौली देवरी मार्ग में निवासरत ग्रामीण को आज भी नाली के अभाव व बारिश के मौसम में आवागमन करने में काफी दिक्कतों का करना पड़ रहा है। पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग में पूरे बरसात भर नाली की कमी से पानी का जमाव सड़क पर बना रहता है। जबकि स्कूली बच्चों को भी पानी के जमाव के बीच पैदल स्कूल आते जाते है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो मार्ग से गुजरने के दौरान तेज रफ्तार वाहन चलने से जमा पानी के छिटकने से स्कूल आने जाने वाले बच्चों के ड्रेस गंदे हो जाते है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने के कारण सड़क पर बारिश के पानी जमा होने की समस्या लंबे समय से हो रही है। अगर सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए नाली निर्माण करा दिया गया होता तो आज ऐसी स्थिति नहीं होती।

सड़क पर पानी जमा होने के कारण पैदल चलने वाले लोगों का काफी परेशानी होती है। मार्ग से चार व दो पहिया गुजरने के दौरान पानी छिटकने से पैदल चल रहे लोगों के कपड़े गंदे हो जाते है। सड़क पर जमा गंदा पानी से बरसात में बीमारी फैलने का खतरा भी लोगों पर मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण की मांग की गई है परंतु आज तक किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया जिससे राहगीर समेत क्षेत्र के लोग गंदा पानी के बीच आवागमन करने को मजबूर है।



सड़क पर जमा पानी।

#### जगह की कमी बड़ी समस्या

प्रधानमंत्री सड़क पुराना बस स्टैंड बतौली से देवरी पहुंच मार्ग में नाली निर्माण में जगह की कमी सबसे बड़ी समस्या है। पुराना बस स्टैंड से बतौली बरपारा होते हुए ग्राम देवरी पहुंच जाता है जहां लगभग 1 किलोमीटर के दायरे में निवासरत रिहायशी इलाका है। जहां ग्रामीणों के घर भी प्रधानमंत्री सड़क से सटे हुए है। ऐसे में प्रधानमंत्री सड़क के अधिकारियों को भी नाली का निर्माण करना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है जिससे विभाग भी जगह की कमी से विवश नजर आ रहा है।

#### आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

पुराना बस स्टैंड बतौली से देवरी पहुंच मार्ग का उपयोग आसपास के कई गांव के लोग करते है जिससे मार्ग से बड़ी संख्या में हर रोज चार पहिया लेकर दो पहिया आवागमन करती है। ऐसे मे सड़क पर पानी के जमा होने से कई लोग घायल हो चुके है। इस प्रकार की घटनाएं आए दिन होती रहती है।

#### नाली निर्माण कराना मुश्किल है

पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्माण कराया गया है। मार्ग में नाली निर्माण के लिए जगह नहीं है और ग्रामीण नाली निर्माण के लिए जगह देने को तैयार नहीं है। ऐसे में नाली निर्माण कराना मुश्किल है। सड़क पर पानी जमाव न हो उसके लिए मार्ग का संधारण कार्य कराया जाएगा जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

-चार्ल्स रोशन एक्का
एसडीओ, पीएमजीएसवाई



## सचिव को ग्राम पंचायत में यथावत रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

ग्राम पंचायत कुप्पा के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव संजय कुमार गुर्जर को यथावत ग्राम पंचायत कुप्पा में पदस्थ किए जाने की मांग को लेकर श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्ञापन सौपा।

- ग्रामीणों ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम पंचायत कुप्पा, जनपद पंचायत ओड़गी में पंचायत सचिव के पद पर संजय कुमार गुर्जर कार्यरत है। सचिव कार्यकाल एवं ग्रामीणों के प्रति कार्य व्यवहार अच्छा रहा है। जन प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम जनता से इनका तालमेल अच्छा है। वर्तमान में इनका स्थानान्तरण ग्राम पंचायत कुप्पा से अन्यत्र कर दिया गया है तथा ग्राम पंचायत कुप्पा में किसी अन्य सचिव की नियुक्ति की गई है। जिस सचिव की नियुक्ति ग्राम पंचायत कुप्पा में की गई है उनके पास पूर्व के अन्य ग्राम पंचायत का प्रभार भी है। पूर्व से अन्य ग्राम पंचायतों के प्रभार में है इस कारण वे अपना पूर्ण समय ग्राम पंचायत कुप्पा को नहीं दे पाएंगे जिससे पंचायत का कार्य प्रभावित होगा।

ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत कुप्पा में पदस्थ पंचायत सचिव संजय कुमार गुर्जर को यथावत ग्राम पंचायत कुप्पा में पदस्थ करना उचित होगा।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून से अगस्त तक बढ़ाई गई चावल वितरण की समयावधि

**सूरजपुर।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस अंतर्गत माह जून से अगस्त तक के चावल वितरण की समयसीमा 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त के लिए चावल का वितरण निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों और उचित मूल्य दुकानदारों को इस कार्य को समय पर संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और समय पर उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध हो सके।

## विद्याधन बांटने से बढ़ता है: चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही बुधवार को राजमोहिनी देवी भवन में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए। सांसद श्री चिंतामणि के साथ ही विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज, विधायक राजेश अग्रवाल व अन्य अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। बच्चों को पाठ्य पुस्तक, गणवेश व अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया।

इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि विद्याधन एक ऐसा धन है, जिसे जितना बांटा जाए यह और बढ़ता है। दुनिया में बाकी जितने भी धन है, वह चोरी हो सकते हैं परन्तु विद्याधन आपसे कोई नहीं छीन सकता। इसलिए सभी अच्छे से पढ़कर ज्ञान हासिल करें और अपने देश का, माता-पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ उनकी रुचि के अनुसार खेल सहित अन्य गतिविधियों में भी आगे लाने प्रेरित करें। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज शासन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी का परिणाम है कि हम पूर्ण साक्षरता की ओर आगे बढ़ रहे हैं। हम सब मिलकर प्रयास करेंगे तो शत-प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि हम सब नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर शाला प्रवेशोत्सव मनाते हैं, यह उत्सव का दिन है, गौरवान्वित होने का दिन है। शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नृत्य एवं नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बताया। इस दौरान बच्चों के द्वारा निर्मित विभिन्न सामग्रियों के स्टॉल भी लगाए गए।

इस दौरान सरस्वती सायकल योजना के तहत 9वीं कक्षा की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, ननि सभापति हरमिंदर सिंह, जिपं सदस्य श्रीमती पायल सिंह तोमर, श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, श्रीमती राधा रवि, सुश्री रतनी नाग, पार्षद आलोक दुबे, शिवमंगल सिंह, शशिकांत जायसवाल, कलेक्टर, डीईओ अशोक सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




अतिथियों के साथ नवप्रवेशी बच्चे।

### बोर्ड परीक्षाओं एवं विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

इस दौरान छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 10 वीं से श्रेयारानी, भूमिका राजवाड़े, दिव्या चौहान, खुशबु बारिक तथा कक्षा 12वीं से सावित्री सिंह, वंशिका गुप्ता, लक्ष्मी यादव शामिल है। कार्यक्रम में 68वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी सम्मानित हुए, जिनमें बास्केटबॉल (14 वर्ष बालिका) में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर अनामिका चौबे, फेंसिंग( 19वर्ष बालक) में सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर शौर्य सराफ, हैंडबॉल ( 14 वर्ष बालिका) में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर गायत्री साय एवं अनुराधा खलखो तथा नेटबॉल (17 वर्ष बालक) में सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर ओम प्रकाश यादव सम्मानित हुए। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय स्पेशल ओलंपिक प्रतियोगिता 2025 में संध्या ठाकुर को 100 मीटर रेस (अन्डर 17) में प्रथम एवं साइकलिंग (अन्डर 17) में द्वितीय स्थान, कु. उजाला को 100 मीटर रेस (अंडर 17) में द्वितीय एवं मनिषा को 100 मीटर रेस (अंडर 14) में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।



## शिक्षक साझा मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर में शिक्षक साझा मंच के बैनर तले आज सांस्कृतिक भवन में धरना प्रदर्शन किया गया। महावीर ठाकुर द्वारा विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षक साझा मच की प्रमुख मांग प्रथम सेवा की गणना क्रमोनती,पदोन्नति, लबितएरियस का भुगतान एवं वर्तमान में हुए युक्तिकरण में हुए अनेकानेक दोषो के विरुद्ध तथा 2008 के सेटअप के तहत स्थापना को प्रमुख मुद्दे के रूप में उजागर किया गया।

प्रधान पाठक कृपाल नाथ तिवारी द्वारा संगठन की वर्तमान एकता और आगामी दूरगामी परिणाम के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लॉक संचालक देवसाय सिह टेकाम, राजकुमार सिंह, चंद्रिका सिंह, देवचंद पडो ने भी अपने विचार व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन पश्चात सामुदायिक भवन से बाइक व पैदल रैली निकाल कर एसडीएम को मुख्यमंत्री,शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालक के नाम ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान राजकुमार सिंह, दीपक कुमार झा, नागेंद्र सिंह, उज्जैन यादव, विष्णु कुमार जायसवाल, शैलेश कुमार जायसवाल, प्रमोद कुमार गुप्ता, अमित जयपाल, प्रेमसाय पैकरा, अखिलेश पांडे, नीता देवांगन, मानमती प्रशांति कुजूर बैसाखो, संध्या शर्मा, पुष्पिका एक्का, जनार्दन गुप्ता, आनंद गुप्ता, करमचंद गुप्ता, अनिल सिंह, रमेश तिवारी, कुंदन मिश्रा, संतोष तिवारी, विनय तिवारी, बाली प्रसाद गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, राजकुमारी, अरुण एक्का, अशोक मिश्रा, संतोष भारती, लालू तिवारी, चंदन सिंह, भास्कर सिंह, दुर्गा शरण सिंह, शिव दुलार पाटले, अनिल गुप्ता, शिव शंकर सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।



रैली में शामिल शिक्षक।

### शिक्षक साझा मंच ने सभी विकासखण्डों में सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** शिक्षक साझा मंच ने प्रांतीय इकाई के निर्देश पर सरगुजा प्रभारी हरेन्द्र सिंह, सुनील सिंह व जिला संचालक सर्वजीत पाठक, कमलेश सिंह, संदीप पाण्डेय के आह्वान पर सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में विकासखण्ड अध्यक्ष के नेतृत्व में रैली निकालकर एसडीएम, तहसीलदार, खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सोना साहू प्रकरण की तर्ज पर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नति देने, प्रथम सेवा अवधि की गणना कर पूर्ण पेंशन प्रदान करने, वर्तमान विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तरण को निरस्त कर 2008 का सेटअप लागू कर युक्तियुक्तरण करने की मांग रखी है। संघ ने युक्तियुक्तरण में सभी विकासखण्ड में व्यापक स्तर पर गड़बड़ियां मिलने तथा समय-समय पर साक्ष्य प्रस्तुत करने के बावजूद अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। साझा मंच के कमलेश सिंह ने युक्तियुक्त करण नीति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर नए सिरे से 2008 के सेटअप के आधार पर युक्ति युक्तकरण करने की मांग की है। विखं अम्बिकापुर से अमित सोनी, सीतापुर से सुशील मिश्र, उदयपुर से लखन राजवाड़े, लखनपुर से राकेश पाण्डेय, लुंड्रा से रणवीर चौहान, मैनपाट से योएल लकड़ा, बतौली से जवाहर खलखो के नेतृत्व में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा।

- युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया निरस्त कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

## घुमंतू बच्चों का किया गया सर्वेक्षण

**सूरजपुर।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रायपुर के निर्देश पर जिले में सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थिति में रहने वाले बच्चों का सर्वेक्षण किया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन के आदेश पर महिला एवं बालविकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जासयवाल के नेतृत्व में बच्चो का सर्वेक्षण सभी 8 हॉट स्पॉट सहित अन्य विभिन्न स्थानों में चिन्हाकन एवं रेस्क्यू हेतु अभियान चलाया गया।

- 8 हॉटस्पॉट सहित अन्य विभिन्न स्थानों में चिन्हांकन एवं चलाया गया रेस्क्यू अभियान

उक्त संयुक्त टीम द्वारा किराना दुकान, होटल, गैरेज, ईंट भट्टा एवं कारखानों में निरीक्षण किया गया। जिसमें भिक्षावृत्ति में संलिप्त, बाल श्रम में लगे, घुमन्तु बच्चे, स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों की पूछताछ की गई। सर्वेक्षण में सूरजपुर, विश्रामपुर, प्रेमनगर, रामानुजनगर, भैयाथान, भटगांव, जरही स्थलों का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, चाईल्ड लाईन सम्मिलित है। इस दौरान मनोज जायसवाल, श्रीमती अंजनी साहू, पवन धीवर, जनार्दन यादव, दिनेश यादव, रमेश साहू, प्रकाश राजवाडे, एमपी कादरी, पीएस एक्का, डोलामणी मांझी, विवेक गुप्ता, ललित दुबे, हरी शंकर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।








## खबर संक्षेप



### संभागायुक्त ने किया एसडीएम व तहसील कार्यालय का निरीक्षण

**राजपुर।** संभाग आयुक्त एनके दुग्गा ने एसडीएम कार्यालय राजपुर, तहसील कार्यालय राजपुर एवं शंकरगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों की स्थिति की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में राजस्व अभिलेखों के संधारण सहित राजस्व प्रकरणों की अद्यतन स्थिति तथा दस्तावेजीय प्रविष्टियों की गुणवत्ता का अवलोकन किया। संभागआयुक्त श्री दुग्गा ने एसडीएम न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, एवं नायब तहसीलदार न्यायलय, नाजिर शाखा, कानूनगो शाखा, रिकार्ड रूम सहित विभिन्न शाखा का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करने तथा दस्तावेजों को सुव्यवस्थित, अद्यतन और पारदर्शी बनाए रखने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित सेवाओं में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन करते हुए कार्य संपादित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति विभिन्न पंजी की भी जांच की। साथ ही आम नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। संभागायुक्त श्री दुग्गा ने संबंधित अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित के निर्देश देते हुए कहा कि आवेदनों का समयबद्ध निराकरण करते हुए आम जनता को बेहतर सेवा प्रदान करें।

### खदान में चोरी की नीयत से घुसे तीनों युवकों पर की गई कार्रवाई

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर की कुमदा 7-8 भूमिगत खदान में केबल चोरी की नियत से घुसे तीन युवकों पर बिश्रामपुर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।बताया गया कि रविवार रात कुमदा सात आठ भूमिगत खदान के भीतर बेल्ट मुहाने से घुसे तीन युवकों को तीसरे दिवस पकड़कर त्रिपुरा बटालियन के जवानों ने बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया।पुलिस ने मामले में कुमदा सह क्षेत्र के प्रधान सुरक्षा प्रहरी उजीत राम की रिपोर्ट पर आरोपी कबाड़ चोर नंदकेश्वर रजवार पिता गुलाब राम रजवार निवासी दतीमा,शिवकुमार पैकरा पिता लालजी पैकरा एवं टीकम पिता मुन्ना राम निवासी सोनपुर चौकी करंजी के खिलाफ धारा 109 की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।

### गाज की चपेट में आने से किशोर की मौत, मवेशियों को ले गया था चराने

**अम्बिकापुर।** गाज की चपेट में आने से मंगलवार को एक किशोर की मौत हो गई। किशोर अपने मवेशियों को खुले मैदान में चराने गया था। इस दौरान वह गाज की चपेट में आ गया। थाना प्रभारी भरद्वाज सिंह ने बताया कि मंगलवार को ग्राम बडौली जाम दोहर निवासी विक्की मिंज आ. नवल साय (17 वर्ष) मंगलवार की शाम 4 बजे अपने मवेशियों को लेकर चराने व कोट गहना गया था। इस दौरान अचानक मौसम बदला तथा गरज- चमक होने लगी। कुछ देर में गाज गिरी जिसकी चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजन तत्काल उसे एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत, मर्ग कायम

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के पत्थलगांव निवासी तिलडेगा कटंगतराई निवासी 30 वर्षीय गंगा कुजूर आ. नाहियर कुजूर 1 जुलाई की सुबह अपने ससुराल ग्राम सिवर पारा जाने के लिए बाइक से निकला था। इस दौरान युवक रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गया। युवक को उपचार के लिए पुलिस द्वारा पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 2 जुलाई की देर रात 3.40 बजे उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मार्ग कायम किया गया है।

## खरसिया चौक से एयरपोर्ट रोड तक बने हजारों खतरनाक गड्ढे

# बरसात में जल जमाव होने से एनएच 43 बना तालाब



बदहाल खरसिया चौक एयरपोर्ट मार्ग।



खरसिया चौक के पास गड्ढों को भरने के लिए विभाग द्वारा डम्प गिट्टी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बरसात में अम्बिकापुर-रायगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 तालाब बन गया है। बाहरी इलाकों की सड़क तो ठीक है लेकिन शहर में जगह-जगह सड़क पर जल जमाव होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क में बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे हो गए हैं। खास बात है कि शहर के बीच से गुजरने वाली सबसे पुरानी सड़क के किनारे अभी तक नाली का निर्माण नहीं किया गया है।

**खास बात**

- जगह-जगह हुआ पानी का जमाव, मार्ग से आवागमन हुआ मुश्किल

अम्बिकापुर-मनेन्द्रगढ़ मार्ग के दोनों ओर घनी बस्ती विकसित हो गई है। सड़क के दोनों ओर बड़े-बड़े शोरूम एवं व्यवसाइक संस्थान संचालित हो रहे हैं। सड़क के दोनों किनारे ऊंचे हो गए हैं। ननि ने व्यवसायिक संस्थानों को निर्माण की अनुमति तो दे दी लेकिन भविष्य के विकास की चिंता नहीं की। इस क्षेत्र के सड़क ऊंचाई नाव की आकृति की है। दोनों ओर अनेक कॉलोनियों सहित घनी बस्ती विकसित होने के बावजूद अभी तक पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं किया जा सका है। हालत यह है कि बरसात शुरू होते ही पूरी सड़क तालाब बन जाती है।एनएच 43 स्थित एसपी बंगला, दूरदर्शन कार्यालय, पीजी कॉलेज, हॉलीक्रास स्कूल सहित जगह-जगह पानी का जमाव हो जाता है। इसी तरह खरसिया चौक से महामाया एयरपोर्ट मोड़ तक बारिश होते ही पानी भर जाता है। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से महामाया पहाड़ का पानी खरसिया चौक तक भर जाता है। सड़क किनारे संचालित संस्थाओं ने पानी से सुरक्षा के लिए सड़क किनारे ऊंचाई तक मिट्टी भरवा दिया है जिससे समस्या और अधिक बढ़ गई है। बरसात में लगातार चार महीनों तक जल जमाव होने के कारण सड़क में बड़े- बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। विभाग हर साल सड़क की मरम्मत कराता है लेकिन बरसात में स्थिति भयावह हो जाती है। पिछले साल लगातार शिकायतों के बाद सांसद चिंतामणि महाराज एवं कलेक्टर बिलास भोसकर ने एचएन के अधिकारियों के साथ पूरी सड़क का निरीक्षण किया था तथा अधिकारियों को सड़क की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही पानी निकासी के लिए दोनों ओर नाली निर्माण का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए थे। सांसद ने प्रस्ताव को शासन से शीघ्र स्वीकृत कराने का भी आश्वासन दिया था। निर्देश पर अधिकारियों ने शहर के भीतर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण के लिए 98 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था। विभाग द्वारा सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति से इंकार करने पर अधिकारियों ने दोबारा 97 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है जिसकी स्वीकृति अब तक नहीं मिल पाई है। बरसात में निर्माण संभव नहीं होने के कारण अधिकारी भी जर्जर सड़क के गड्ढों में मिट्टी भरकर बरसात निकालने की जुगत में जुटे हैं।

### खरसिया रोड हुआ खतरनाक

एनएच 43 अंतर्गत खरसिया चौक से माँ महामाया एयरपोर्ट रोड मोड़ तक की सड़क में हजारों खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। सड़क किनारे बड़ी संख्या में वाहनों के खड़े होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग से लम्बी दूरी के भारी वाहन दिन-रात गुजरते हैं। सड़क पर पानी भरने से गड्ढे नहीं दिखते जिससे दोपहिया सवार गिरकर कीचड़ में सराबोर हो रहे हैं। लगातार बारिश के बीच विभाग गड्ढों में गिट्टी एवं स्टोन डस्ट भरवा रहा है लेकिन बारिश के बीच भारी वाहनों के आवागमन से गिट्टी व स्टोन डस्ट निकल जा रहा है। इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए विभाग अभी तक कोई स्थाई हल नहीं खोज पाया है। आपसी समन्वय की कमी होने के कारण इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए समन्वित प्रयास की भी कमी है।

### निर्माण को लेकर ऊहापोह

एनएच शहर से गुजरने वाली सभी सड़कों को एक-दूसरे से जोड़ने बाईपास का निर्माण करा रहा है वहीं शासन ने ननि क्षेत्र की सभी सड़कों को 4-लेन बनाने के संबंधी लोनिवि के प्रस्ताव को बजट में स्वीकृति प्रदान की है। ऐसे में चौड़ीकरण के पूर्व सड़कों को लोनिवि के सुपुर्द करना होगा। ऐसी स्थिति में जर्जर एनएच 43 का निर्माण पानी निकासी की व्यवस्था कौन एवं कब तक करेगा इसको लेकर ऊहापोह की स्थिति है।



एमजी रोड में एनएच किनारे जमा पानी।

### भरवा रहे गड्ढों को

बरसात में पैच रिपेयरिंग संभव नहीं होने के कारण एनएच के गड्ढों को गिट्टी एवं स्टोन डस्ट से भरा जा रहा है। लगातार वर्षा होने के कारण दूसरे ही दिन स्थिति यथावत हो जा रही है। जल निकासी एवं नवनिर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

-आरबी कामटे
ईई, एनएच

## साईकल से दो युवकों ने पूरी की चार धाम की यात्रा, वापसी पर नगर में हुआ स्वागत

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के दो युवाओं ने नौ माह के समय में अपने दृढ संकल्प,मेहनत और लगन से साईकल से चार धाम और द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा के साथ नेपाल में बाबा पशुपतिनाथ के भी दर्शन कर आज बुधवार को अपने गृह क्षेत्र लौटे हैं।



दोनो युवकों के आज बिश्रामपुर लौटने पर उनका कई जगहों पर स्वागत और सम्मान किया गया।गत 29 सितंबर 2024 को साईकल से यात्रा में निकले प्रवीण कुमार यादव पिता देवनारायण यादव 22 वर्ष निवासी मैनपाट परपटिया व दानेश्वर यादव पिता रामकेवल यादव 25 वर्ष निवासी जमदेई थाना जयनगर ने बताया कि वे दोनों रिश्ते में भाई हैं और दोनों ने विगत तीन चार वर्षों से देश के सभी बारहों ज्योतिर्लिंग और चार धाम की यात्रा का मन में दृढ़ निश्चय किया, इसके लिए उन्होंने खुद को तैयार किया और साईकल से ही यात्रा का निर्णय लिया, ताकि वे देश की विविधता से करीब से अवगत हो सकें।उन्होंने बताया कि इस यात्रा में उन्होंने साढ़े सोलह हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा की है और देश के अलग अलग राज्यों में स्थित सभी बारह ज्योतिर्लिंग के साथ चार धाम द्वारिका, रामेश्वरम, जगन्नाथ पूरी,बद्रीनाथ धाम सहित नेपाल के श्री पशुपतिनाथ का भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर परिवार व देश वासियों के लिए खुशियां मांगी है।

उन्होंने बताया कि पूरे 277 दिन साईकल से यात्रा करने के दौरान थकान के साथ अलग अलग चुनौतियों का सामना किया, लेकिन ईश्वर की कृपा से सभी बाधाओं को पार करते हुए दोनों ने यात्रा पूरी की।दोनों ने बताया कि भारत देश विविधताओं से भरा हुआ है हर जगह उन्हें लोगों का प्यार सम्मान मिला जो उनकी यात्रा को यादगार बना दिया।दोनों सोशल मीडिया इन्फुएंसर हैं,उन्होंने यात्रा की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में लोगों से साझा किया है। बुधवार की प्रातः बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर दोनों उत्साही युवकों का बजरंग दल के सदस्यों सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत सम्मान कर यात्रा में प्राप्त अनुभव को सुना।स्वागत आयोजन के बजरंग दल के जिला संयोजक प्रह्लाद निषाद,सत्येंद्र भारती बाबू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लीलू गुप्ता, पूर्व जनपद सदस्य फुलबसिया राजवाड़े, क्रिकेट कोच अमित मित्तल,दुर्गा वाहिनी की संयोजिका रचना सिंह,शशि राजवाड़े,अंजली राजवाड़े गिरिजा शंकर कसेर,मनोज यादव,विक्रम यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## युवती का मोबाइल नंबर मांगने से नाराज आधा दर्जन युवकों ने बस परिचालक की कर दी पिटाई

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर बस स्टैंड में आधा दर्जन बदमाश युवकों ने बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे मनेंद्रगढ़ से बनारस जा रही सिंह बस के सामने लगे कांच में तोड़फोड़ कर परिचालक की पिटाई की है।बताया गया कि मनेंद्रगढ़ से बनारस के लिए जा रही सिंह बस क्रमांक सीजी 15 डीयू 9618 जैसे ही बिश्रामपुर बस स्टैंड पहुंची, इसी दौरान अचानक बस के सामने से पहले से इंतजार कर रहे आधा दर्जन युवकों ने बस में तोड़फोड़ करते हुए परिचालक की पिटाई कर दी है जिससे उसे सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मौके पर उत्पात मचा रहे युवक बस के परिचालक को खोजते हुए मौके पर पहुंचे थे,उनका आरोप था कि बस में उसने युवती से छेड़खानी करते हुए उसका मोबाइल नंबर मांगा है,ऐसी ही हरकत परिचालक पहले भी दो बार युवती के साथ कर चुका है जिस बात से नाराज होकर स्थानीय युवकों ने बस के परिचालक ग़ल्लिू नामक युवक की पिटाई कर दी, इसके बाद युवकों ने आवेश में आकर बस के सामने के हिस्से का कांच तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया।घटना के बाद भयवश परिचालक मौके से भाग निकला, इस दौरान मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।बस में सवार यात्रियों को भी कुछ देर तक मामला समझ नहीं आया और वे घटना के दौरान चुपचाप सहमे बस के भीतर ही बैठे रहे,बाद में बिश्रामपुर पुलिस आई और मामले की जानकारी ली। पुलिस के आने के बाद बस को बनारस के लिए रवाना किया गया।पुलिस बदमाश युवकों की तलाश में जुटी है।

- बस के सामने लगे कांच को भी तोड़कर किया क्षतिग्रस्त
- बस परिचालक के सिर व अन्य हिस्से में आई चोटें




### नशे में धुत्त कोल कर्मी ने खुले बदन बैठकर कार में किया स्टंट

**बिश्रामपुर।** शराब के नशे में खुले बदन कार से स्टंट करने वाले एक कोल कर्मी को पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया है। गौरतलब है कि ग्राम सतपता निवासी राहुल गुप्ता पिता सुरेश गुप्ता जो भटगांव क्षेत्र के शिवानी खदान में नौकरी करता है, बुधवार को शराब के नशे में धुत्त होकर ग्राम करवां स्थित मुख्य मार्ग पर अपनी कार में खुले बदन वाहन को चलाते हुए स्टंट कर रहा था, जिसके चपेट में आने से एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई और कई राहगीर कार से टकराते बाल बाल बच गए। मामले की सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच नशे में धुत्त कोल कर्मी को पकड़कर पुलिस चौकी ले गई है। घटना से लोगों में भय व्याप्त हो गया।



- स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## कल्याणपुर खुटहनपारा में हाथियों ने आधा दर्जन से अधिक कच्चे मकानों को किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम कल्याणपुर कोटबहरा के बाद खुटहनपारा में हाथियों का दल बीती रात धावा बोल आधा दर्जन मकानों व मोटरपंप को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के भय से ग्रामीणों को खुले आसमान के नीचे बारिश में रात गुजारने विवश होना पड़ रहा है।पूर्व विधायक ने आज बुधवार को गांव में पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए प्रभावित लोगों से मुलाकात की है।

- मोटरपंप को भी पहुंचाया नुकसान

गौरतलब है कि सुरजपुर वन मंडल अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर के खुटहनपारा में मंगलवार की रात अचानक छह सदस्यीय हाथियों के दल ने धावा बोल दिया। यहां पर हाथियों द्वारा गांव के रंजीत पिता दशरथ गोंड, सुबेदी पिता रामचरण गोंड, जग साय पिता मनियार गोंड, ननकु पिता दिलराज गोंड, बीजू पिता प्रेम, नंदू पिता बुद्धू के कच्चे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया है।साथ ही हाथियों के दल ने सोशायटी के मोटरपंप व ड्रिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है।ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के दल के रात में अचानक मोहल्ले में पहुंचने से यहां अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई ।लोग यहां पर बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे पूरी रात गुजारने विवश रहे। मामले की जानकारी मिलते ही बुधवार को पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने कल्याणपुर गांव में पहुंचकर प्रभावित लोगों से मुलाकात कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही वन कर्मचारियों को जल्द ही प्रभावितों को सहायता राशि दिलाए जाने की बात कही।बताया गया कि उक्त हाथियों के दल द्वारा बीती रात ही ग्राम अखोराकला के घाघीटिकरा में भी तीन ग्रामीणों क्रमशः दीपकरन राजवाड़े, बहादुर राजवाड़े व मुकेश राजवाड़े के भी मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।यहां भी पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने पहुंचकर प्रभावित लोगों से मुलाकात की है।हाथियों का दल आज भी कल्याणपुर जंगल में ही डेरा डाले हुए हैं। इस दौरान लटोरी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व कल्याणपुर सरपंच गोवर्धन सिंह मरकाम, भुनेश्वर सिंह व अन्य उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि पखवाड़े भर से छह सदस्यीय हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के दल ने दो दिन पूर्व ही गांव के रघुनाथ दास और शेरु नगेसिया के कच्चे मकान को भी काफी क्षतिग्रस्त कर दिया था। हाथियों की मौजूदगी की वजह से ग्रामीणों के बच्चे स्कूल भी नहीं जा पा रहे हैं, किसान खेतों में काम नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वन विभाग और स्थानीय प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा जाए एवं पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाये।





### घर का छप्पर उजाड़ने के बाद अनाज को चट कर गया दंतैल

**धौरपुर।** कोतरी जंगल में लंबे समय से भ्रमण कर रह लोनर दंतैल ने बीती रात ग्राम पड़ौली में एक घर का छप्पर उजाड़ने के साथ ही घर में रखा अनाज चट कर गया। मध्यरात्रि जब दंतैल पहुंचा ग्रामीण गहरी नींद में सो रहे थे। दंतैल रजमेन पति महाजन गोड़ का छप्पर उजाड़ने लगा तो परिवार के सदस्यों की नींद खुली। दंतैल को पास खड़े देख परिवार सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इधर हाथी घर में रखा अनाज चट कर गया। दंतैल के जाने के बाद परिवार के सदस्य घर पहुंचे तो नुकसान की जानकारी मिली।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411